卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 74 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦21 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# कांग्रेस को बूथ स्तर पर करेंगे मजबूत: माहरा

## कांग्रेस जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़े हजारों कार्यकर्ता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस को पुन: सत्ता में लाने के लिये बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूत कर कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया जा रहा है। यह बात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने यहां सिटी क्लब में आयोजित कांग्रेस जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुये कही। सिटी क्लब में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में खटीमा से लेकर जसपुर तक हजारों की संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि आज प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई, महिला उत्पीड़न,भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। जिससे आम जनता का जीना दुश्वार हो गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आहवान करते हुये कहा कि वह जन-जन तक पहुंचकर कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने के साथ ही केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों को भी बताये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भाजपा नेता विकास के नाम पर सिर्फ घोषणा कर रहे है जबकि आम जनता को विकास योजनाओं का अपेक्षित लाभ नही मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रस कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। इन्ही कार्यकर्ताओं की बदौलत पार्टी आगामी लोकसभा एवं निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी सभी एकजुट होकर संगठन के लिये कार्य करने की अपील की। अपने सम्बोधन में नेता प्रतिपक्ष एवं बाजपुर के विधायक यशपाल आर्य ने कहा कि कार्यकताओं का पार्टी ने हमेशा सम्मान किया गया है। सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद (शेष पृष्ठ सात पर)





### सम्मेलन में फिर दिखी गुटबाजी

रूद्रपुर। कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में गुटबाजी भी दिखाई दी। नाम न छापने की बात कहकर पार्टी के एक नेता ने कहा कि यह सम्मेलन सभी को एकजुट करने के लिए आयोजित करने को किया गया लेकिन यहां सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान न कर सिर्फ अपनों का ही सम्मान किया जा रहा है। जिससे तमाम पार्टी कार्यकर्ता नाराज हैं। कार्यक्रम महज एक गुट का सीमित होकर ही रह गया है।

# सड़क हादसे में 12 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। गंभीर तरीके से घटित सड़क हादसे की चपेट में आकर एक 12 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के 100 का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से गांव चक खरदिया, तहसील टांडा बादली, जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश तथा हाल वार्ड नंबर 7 महुआ खेड़ा गंज निवासी अशोक कुमार का 12 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार स्थानीय एक विद्यालय में कक्षा पांचवी का छात्र है। पता चला है कि गढ़ बुधवार की शाम लगभग 6:00 बजे वह अपने (शेष पृष्ठ सात पर)



# खेलों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध:रेखा आर्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य स्तरीय बालक-बालिकाओं की बैडमिन्टन एवं फुटबाल प्रतियोगिता का खेल मंत्री श्रीमति रेखा आर्य ने शुभारम्भ किया। ट्रैक सूट पहनकर आई खेल मंत्री ने स्टेडियम में बैडमिंटन भी खेला। उन्होंने प्रतियोगिता में हिस्सालेने पहुंचे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। स्थानीय श्री मनोज सरकार स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित खेल प्रतियोगिता में पहुंची श्रीमति आर्य ने कहा कि (शेष पृष्ठ सात पर)





# बाईक की टक्कर से महिला की जान गयी

## पति की पहले ही हो चुकी है मौत,पांच बच्चों के सिर से मां का साया भी उठा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र में फैक्ट्री में काम समाप्त कर साथी महिला श्रमिक के साथ घर वापस लौट रही एक महिला श्रमिक को सड़क पार करने के दौरान तेज गति से जाते बाईक सवार ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पति का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। इस घटना के बाद पांच बच्चों के सिर से पिता के बाद मां का साया भी हट गया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से प्रमापगढ़, मुंडन बुजुर्ग, खीरी उप्र निवासी करीब 44 वर्षीय जमुनी देवी के पति हरीश चन्द्र का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो गया था। अपने पांच बच्चों के पालन पोषण के लिए वह यहां आकर ट्रांजिट कैम्प में मछली मार्केट के पास किरायें के मकान में रहकर सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करने लगी। बताया जाता है कि गुरूवार प्रात: फैक्ट्री में काम समाप्त (शेष पृष्ठ 7 पर)





# दो लाख की चरस के साथ तस्कर दबोचा

गदरपुर (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.165 किलोग्राम अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत दो लाख रूपये आंकी गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के अंतर्गत पुलिस टीम ने बुध वार की रात्रि मुखबिर की सूचना पर कासम पुत्र भूरा निवासी रत्नामडैया केलाखेड़ा को हिरासत में ले लिया तलाशी लेने पर उसके 1.165 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की गयी। पूछताछ में कासम ने बताया कि वह अवैध चरस बरहैनी बाजपुर निवासी विनोद नामक व्यक्ति से लाया था और बेचने की तैयारी में था। आरोपी के खिलाफ सर्म्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है और न्यायालय में पेश करने के साथ ही जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पकड़ने वाली टीम में क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिंह भण्डारी, थानाध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी, उपनिरीक्षक जीवन चन्द्र फुलारा,इरशाद उल्लाह आदि शामिल थे।





रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817


# एटीएम उखाड़कर साथ ले गए बदमाश

काशीपुर। काशीपुर शहर में एसबीआई की मुख्य शाखा के पास नोटों से भरे एटीएम को बदमाशों की ओर से उखाड़ कर ले जाने के मामले में अंतरराज्यीय गिरोह का हाथ बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक काशीपुर, हरियाणा, राजस्थान, मथुरा और रुड़की सहित आठ से ज्यादा स्थानों पर अब तक एटीएम उखाड़े जा चुके हैं । इनमें एक ही गिरोह के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। रामनगर रोड पर स्टेट बैंक आफ इंडिया के नोटों से भरे एटीएम ले जाने के मामले में पुलिस इस घटना की तह तक जाने के लिए हर संभव प्रयास करने का दावा कर रही है। प्रथम दृष्टया पुलिस आशंका जता रही थी कि इस घटना के पीछे उसी अंतरराज्यीय गिरोह का हाथ है जो इससे पहले रुडकी, यूपी के मथुरा, हरियाणा और राजस्थान में एटीएम मशीनों को उखाड़ कर ले जाने की वारदात कर चुका है। पुलिस के अभी तक के होमवर्क देखकर लग रहा है कि पुलिस की आशंका सही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीते दो महीने में उत्तर भारत में करीब आठ से दस जगह पर एटीएम उखाड़ कर ले जाने की वारदात हो चुकी हैं। अब तक पुलिस घटनास्थल से विभिन्न रास्तों से होकर जाने वाले विभिन्न रास्तों पर लगे 100 से ज्यादा सीसीटीवी को खंगाल चुकी है। पुलिस की ओर से गठित चार टीमें अलग-अलग जगहों पर भेजी गई हैं। पुलिस को उम्मीद है की घटना का शीघ्र खुलासा कर लिया जाएगा। एसपी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस की एक टीम लुटेरों तक पहुंच गई है। उम्मीद है कि अपराधी कल तक पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# शोरूम का शटर उखाड़कर मोबाइल फोन और नकदी उड़ाई,आरोपी सीसीटीवी में कैद

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र में एक मोबाइल फोन की दुकान का शटर उखाड़कर चोरों ने लाखों रुपये के फोन और गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ली। चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन-चार आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी खंगालते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। चोरी की वारदात से पुलिस के गश्त की भी पोल खुलकर सामने आई है। पुलिस के अनुसार, बैरियर नंबर छह से सटे रावली महदूद रोड ब्रह्मपुरी में मानव पुंडीर की मोबाइल फोन की है। उसका मकान भी दुकान के ऊपर बना हुआ है। सोमवार की रात दुकान बंद कर वह घर चला गया। मंगलवार की सुबह उठने के बाद नीचे उतरकर आया तो दुकान का शटर उखड़ा देख उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सीओ सदर स्वप्निल मुयाल ने भी पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर मुहं पर कपड़ा बांध एक आरोपी शटर उखाड़कर अंदर घुसता नजर आया। जबकि दो से तीन आरोपी बाहर खड़े दिखे हैं। दुकान मालिक मानव के मुताबिक, कुछ दिन पहले ही विभिन्न



कंपनियों के महंगे मोबाइल फोन मंगवाए गए थे। मानव का दावा है कि मोबाइलों की कीमत करीब 20 लाख है। गल्ले से लाखों रुपये की नकदी चोरी हुई है। इस संबंध में दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने चोरी की वारदात को सुबह साढ़े चार से पांच बजे के बीच अंजाम दिया है। कुछ आरोपी बाहर खड़े होकर निगरानी कर रहे थे। जबकि एक आरोपी शटर उखाड़कर नीचे लेटकर अंदर दाखिल हुआ। इसके बाद उसने मोबाइल फोन व नकदी बैग में भरी। बाहर निकलकर आया। फिर सभी फरार हो गए। जिस तरह से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया, उससे माना जा रहा है कि पूरी योजनाबद्ध तरीके से घटना की गई। संभावना है कि आरोपी आसपास के किसी इलाके में रह रहे हों। उन्होंने पहले ही दुकान की रैकी की होगी। वहीं आरोपियों ने बैग में नकदी और मोबाइल फोन भरे, इस बीच दो मोबाइल फोन भी मौके पर ही गिर गए।

# भीमताल में हमलावर बाघ को शीघ्र ट्रेंकुलाइज कर पकड़ने के दिए निर्देश

## वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए दस पिंजरे लगाए

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने भीमताल विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रहे बाघ के आतंक को लेकर वन विभाग के कुमाऊं चीफ पी के पात्रों व जिलाधिकारी नैनीताल से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ने के लिए कहा। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने बताया कि लगातार भीमताल विधानसभा क्षेत्र में बाघ के आतंक को लेकर उन्होंने कुमाऊं के पी के पात्रों से वार्ता करते हुए कहा कि जल्द से जल्द आतंक का पर्याय बने बाघ को पकड़ा जाना चाहिए। जिस पर पी के पात्रों द्वारा अवगत कराया गया कि बाघ को पकड़ने के लिए 10 पिंजरे लगाए गए हैं साथ ही कैमरा ट्रैक हो सुरक्षा



के लिए एनडीआरएफ भी तैनात की गई है। वही श्री भट्ट ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से दूरभाष पर वार्ता करते हुए जल्द से जल्द ग्रामीणों की सुरक्षा करते हुए जनहानि कर रहे वन्य जीव को पकड़ने के लिए पर्याप्त उपाय करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अल्चौना ग्राम सभा में हुई घटना को लेकर गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्री भट्ट ने कहा कि वन विभाग को तत्काल प्रभावी एक्शन लिए जाने के निर्देश दिए गए हैं माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन के क्रम में जान का खतरा बने वन्य जीव को ट्रेंकुलाइज कर पकडते हुए अन्यत्र रेस्क्यू सेंटर में शिफ्ट करने की प्रक्रिया तेजी से करने को कहा गया है। इसके अलावा श्री भट्ट ने कहा है कि घटना के क्षेत्र के अलावा आसपास के क्षेत्र में भी सुरक्षा की दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग एवं जिला प्रशासन कार्य करते हुए पिंजरे लगाएं और जल्द से जल्द बाघ से लोगों को निजात दिलाने को लेकर कार्रवाई करें । श्री भट्ट ने इसी माह में बाघों द्वारा लगातार की गई घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

# दो दिवसीय विज्ञान टीचर वर्कशॉप का आयोजन

गदरपुर (उद संवाददाता)। अगस्त्या फाऊंडेशन द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में टीचर वर्कशॉप का दो दिवसीय आयोजन किया गया । वर्कशॉप का शुभारंभ क्षेत्रीय शिक्षाधिकारी द्वारा फीता काटकर किया गया। अगस्त्या फाऊंडेशन द्वारा लगाए गए वर्कशॉप में क्षेत्रीय प्रभारी दयाशंकर, मास्टर ट्रेनर निक्की टोन्गर, चैंपियन ट्रेनर शंकर शर्मा, प्रशिक्षिका शिवानी पपनेजा एवं नेहा अरोड़ा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा । टाइटन कंपनी के सहयोग से चलाए जा रहे वर्कशॉप कार्यक्रम में विज्ञान की गतिविधियों द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया जिसमें प्रकाश व दाब संबंधित विषयों को मुख्य रूप से करवाया गया । यह कार्यक्रम बच्चों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को शिक्षकों द्वारा विकसित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है । अगस्त्या फाऊंडेशन इसी क्रम में विज्ञान प्रयोगशाला का संचालन जीजीआईसी दिनेशपुर में एक लैब के माध्यम से कर रहा है । दो दिवसीय कार्यक्रम में गदरपुर ब्लॉक क्षेत्र के 30 विभिन्न स्कूलों के विज्ञान शिक्षकों ने प्रतिभाग किया व इसका लाभ उठाया वर्कशॉप कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ, किरण पांडे का महत्वपूर्ण सहयोग रहा ।



# मण्डी समितियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अध्यक्ष उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड डा0 अनूल कपूर डब्बू द्वारा मण्डी समितियों की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें प्रबन्ध निदेशक बी०एस० चलाल, महाप्रबन्धक (प्रशासन) निर्मला बिष्ट एवं महाप्रबन्धक (वित्त) जुबक मोहन सक्सैना उपस्थित थे। अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिये गये समस्त सचिव मण्डी समिति की आय को बढ़ाने हेतु विशेष प्रयास करें, इस हेतु मण्डी समितियों में मण्डी समिति की आय को बढ़ाने के लिए क्या-क्या प्रयास किये जा सकते हुए उसकी रुपरेखा डवकमस बोर्ड मुख्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये ताकि उसका प्रस्ताव तैयार कर मा० मुख्यमंत्री जी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया जा सके। मण्डी समितियों में जहां कहीं भी कैन्टीनें काफी समय से खाली पड़ी हैं। उन्हें महिला समूहों को दिये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। अध्यक्ष यह भी निर्देश दिये गये जिन व्यापारियों/ आढ़तियों द्वारा मण्डी समिति से लाईसेंस प्राप्त कर समिति प्रागंण के स्थान पर अन्य क्षेत्र में व्यापार किया जा रहा है एवं सही समय पर मण्डी शुल्क नहीं दिया जा रहा है, ऐसे लोगों का लाईसेंस निरस्त करने के निर्देश दिये गये। अध्यक्ष द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि एक पखवाड़े में प्रबन्ध निदेशक के साथ मण्डियों का भ्रमण किया जायेगा, भ्रमण व निरीक्षण के दौरान मण्डी समितियों में कितनी भूमि रिक्त पढी है, कितनी दुकानें/केन्टीनें / गोदाम विगत काफी समय से रिक्त पड़ी हुई हैं, एवं उनका आवंटन नहीं हो पा रहा है, का विश्लेषण विपणन बोर्ड मुख्यालय पर



किये जाने का निर्देश दिया गया। अध्यक्ष द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन मण्डी समितियों की आय में निरन्तर कमी दृष्टिगत पायी जाती है, उनके विरुद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश देते हुए बैठक का समापन किया गया।

# उच्चायुक्तों ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में बुधवार को ब्रूनेई में भारत के उच्चायुक्त आलोक अमिताभ डिमरी एवं युगांडा में भारत के उच्चायुक्त उपेन्द्र सिंह रावत ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल और उच्चायुक्तों के मध्य विभिन्न विषयों सहित हाल में ही सम्पन्न हुए ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के सम्बन्ध में चर्चा हुई। राज्यपाल ने उच्चायुक्तों से कहा कि जिन देशों में वे कार्य कर रहे हैं वहां के विश्वविद्यालयों की बेस्ट प्रैक्टिस उत्तराखण्ड के विश्वविद्यालयों के साथ साझा की जाये। साथ ही विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों विशेषकर बालिकाओं को भी इन देशों में अनुभव प्राप्त करने के लिए शैक्षिक भ्रमण के आयोजित किए जाएं।राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में महिला स्वयं सहायता बेहतर कार्य कर रहे हैं उन्हें अनुभव के आदान-प्रदान हेतु इन देशों में भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित



किये जा सकते हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के स्थानीय उत्पादों को ग्लोबल कंज्युमरिज्म से जोड़ने में सहयोग का भी अनुरोध किया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में योग, आयुर्वेद, मर्म, चिकित्सा और आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं है। उन्होंने इन क्षेत्रों में उत्तराखंड को संबंधित देशों में प्रचारित करने में सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर उच्चायुक्तों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए कई सुझाव रखे।

# सड़कों से जुड़ेंगे 100 से अधिक जनसंख्या वाले जनजातीय क्षेत्र

देहरादून। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के तहत प्रदेश के जनजातीय वाले ऐसे क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ा जाएगा, जिनकी आबादी 100 से अधिक है। 15 नवंबर को देशभर में शुरू हुई इस योजना के तह उत्तराखंड को फिलहाल चार सड़कें और आठ पुल मिले हैं। सड़कों और पुलों की डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। उत्तराखंड में पांच जनजातियां भोटिया, थारू, जौनसारी, बोक्सा और राजी निवास करती हैं। इन्हें वर्ष 1967 में अनुसूचित जनजाति घोषित किया गया था। इनमें से बोक्सा और राजी विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) में शामिल हैं। योजना के तहत इन दिनों जनजातियों वाले क्षेत्रों को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए चुना गया है। उत्तराखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की नोडल एजेंसी यूआरआरडीए (उत्तराखंड रूरल रोड डेवलपमेंट एजेंसी) को सड़क और पुलों के निर्माण का जिम्मा सौंपा गया है। पीएम ग्राम सड़क योजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने बताया कि योजना के तहत उत्तराखंड में प्रथम चरण में देहरादून जिले की हसनपुर, हरिद्वार की जसपुर चमरिया, चंपावत की खिर्दवाड़ी और पिथौरागढ़ की छिपलतरा बसावटों को सड़क मार्गों से जोड़ने के लिए चुना गया है। इन बसावटों में को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए चार सड़कें और आठ पुल बनाए जाएंगे। इसके लिए डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। जो शीघ्र ही स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत दो किमी से लेकर 13 किमी तक की सड़क बनाई जाएगी। बताते चलें कि इस योजना का शुभारंभ पीएम मोदी ने 15 नवंबर को किया था। योजना के तहत देश में अनुसूचित जनजातियों का विकास किया जाएगा। ये वह अनुसूचित जनजातियां होंगी जो सबसे पिछड़ी होंगी। इसके तहत जनजातीय मामलों के मंत्रालय सहित नौ मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। संपर्क मार्ग का निर्माण भी इनमें से एक है।

# ओएसएम देवभूमि में बनाएगा इलेक्ट्रिक व्हीकल: नारंग

## रूद्रपुर में किया राज्य के पहले शोरूम का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ओएसएम शीघ्र ही देवभूमि उत्तराखंड में अपने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का निर्माण करने के लिए उद्योग स्थापित करेगी। इसके लिए प्रदेश सरकार तथा संबंधित प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर अंतिम रूप दिया जाएगा। यह बात इलेक्ट्रिक व्हीकल का उत्पादन करने वाली देश के अग्रणीय औद्योगिक संस्थान ओएसएम के प्रबंध निदेशक उदय नारंग ने यहां किच्छा बाईपास मार्ग पर उत्तराखंड के पहले नए शोरूम श्री साई मोटर्स का शोरूम स्वामी हिमानी खन्ना सहित नरेश खन्ना तथा सौमांश खन्ना के साथ संयुक्त रूप से फीता काट तथा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करने के पश्चात उपस्थित अतिथियों के संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि ग्राहक को कम मूल्यों पर उच्च गुणवत्ता के इलेक्ट्रिक व्हीकल उपलब्ध कराने के साथ ही बिक्री के पश्चात उन्हें बेहतर सर्विस, फाइनेंस सुविधा, बैट्री चार्जिंग आदि आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ओएसएम इलेक्ट्रिक व्हीकल के निर्माण में देश में अग्रणीय भूमिका निभा रही है। साथ ही यूरोपीय देशों में भी कंपनी ने विशेष पहचान बनाई है। श्री नारंग ने कहा कि वर्तमान में इलेक्ट्रिक व्हीकल का निर्माण करने के साथ ही नई तकनीक के साथ वाहनों के नए मॉडल तैयार करने की टेस्टिंग भी निरंतर जारी रहती है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा मातृशक्ति का सम्मान करते आए हैं इसी बात को ध्यान में रखते हुए अपने उद्योग में वर्ष 2030 तक महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर देंगे। साथ ही उन्हें कार्य स्थल तक आने व वापस पहुंचाने का भी उचित सुरक्षा व्यवस्था भी दी जाएगी। श्री नारंग ने कहा कि परिवार में वरिष्ठ जन बच्चों को मार्गदर्शन व आर्थिक मदद ही कर सकते हैं। कड़ी मेहनत तथा कुशल रणनीति के साथ रोजगार को बुलंदियों तक पहुंचाना युवाओं के हाथों में ही होता है। देश का विकास युवाओं के हाथों पर ही टिका हुआ है। उन्होंने कहा कि अगले दस साल के पश्चात देश में डीजल,पेट्रोल व सीएनजी से चलने वाले वाहनों का स्थान इलेक्ट्रिक व्हीकल ले लेंगे। इससे पर्यावरण संरक्षण को काफी फायदा पहुंचेगा। इस मौके पर शोरूम स्वामी हिमानी खन्ना व उनके परिजनों नरेश खन्ना, सौमांश खन्ना ने प्रबंध निदेशक उदय नारंग का स्वागत किया। उन्होंने श्री नारंग की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि ओएसएम द्वारा देवभूमि उत्तराखंड में उद्योग लगाने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ हीं राज्य के विकास को गति मिलेगी। श्रीमति खन्ना ने बताया कि शोरूम में इलेक्ट्रिक व्हीकल पैसेंजर ऑटो लगभग 3.30 लाख रूपये में तथा लोडर करीब 4.50 उपलब्ध है। उन्होंने कहा ग्राहक का विश्वास जीतना उनकी प्राथमिकता है। खन्ना परिवार ने प्रबंध निदेशक श्री नारंग को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया। इस मौके अमित खन्ना, ब्रजेश खन्ना, लवकेश अरोरा, सतीश खन्ना, निर्मल खन्ना, मोनिका खन्ना, बाला खन्ना, हर्षित खन्ना, अनिरुद्ध खन्ना, पर्व खन्ना, अविरल खन्ना, संजू खन्ना, विक्रम खन्ना, यशपाल घई, वीरेंद्र सुखीजा, व्यापारी नेता संजय जुनेजा, पवन गाबा पल्ली, गुरमीत सिंह, कंपनी के नॉर्थ एंड साउथ इंडिया सेल्स हेड अजय सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।







# सिविल सेवा की निशुल्क तैयारी करवाएगी माधवी फाउंडेशन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सिविल सेवा की निशुल्क तैयारी को लेकर माधवी फाउंडेशन के अध्यक्ष पीयूष जोशी के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल ने नैनीताल एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने एसएसपी नैनीताल को संस्था द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया। साथ ही भविष्य में संस्था की महत्वकांक्षी परियोजना जिसमे उत्तराखण्ड मूल के छात्रों को सिविल सेवा की निशुल्क तैयारी करवाने कि योजना के संबंध में सभी जानकारियां उपलब्ध कराई। साथ हि उन्हे गेस्ट लेक्चर के लिए आमंत्रित भी किया, जिस पर उन्होंने सहर्ष सहमति भी जताई। इस दौरान विभिन्न सामाजिक विषयों पर भी चर्चा हुई । एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष पीयूष जोशी ने बताया कि बहुत जल्द वह उत्तराखंड मूल की छात्रों के लिए सिविल सेवा की नि:शुल्क तैयारी व अनुभवी अधिकारियों के मार्गदर्शन में उचित मार्गदर्शन के लिए एक केंद्र नैनीताल जिले में खुलने जा रहे हैं। जिसके लिए लोग रजिस्टर करने हेतु उनसे 9999494360 पर संपर्क कर सकते हैं, साथ ही उन्होंने बताया कि करने की योजना है । जिसमें सभी समाजसेवी और सामाजिक संगठनों से सहयोग लेकर हर महाविद्यालय में सिविल सेवा की परीक्षाओं की पुस्तकों को प्रदान किया जाएगा इसके बाद पहले कोचिंग ऑनलाइन माध्यम में और फिर



संस्था द्वारा प्रथम चरण में छात्र महासंघ उपाध्यक्ष सचिन फुलारा के साथ कुमाऊं विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालय में सिविल सेवा की तैयारी करने हेतु पुस्तक प्रत्येक महाविद्यालय की लाइब्रेरी में पूर्ण रूप से निशुल्क वितरित ऑफलाइन सेंटर के माध्यम से चालू की जाएगी। जिसका पहला केंद्र नैनीताल के हल्दुचौड़ क्षेत्र में रहेगा। इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष सचिन फुलारा,कोषाध्यक्ष प्रिंस शर्मा, सदस्य प्रतिक जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

# विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड काशीपुर के ग्राम पंचायत बरखेड़ी मे लाभार्थीपरक योजनाओं के संतुप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियो तक समयबद्ध रूप से पहुचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में 111 पुरुष 123 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 234 लाभार्थियों द्वारा हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ ली गयी। विभागीय अधिकारियो द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियो को समस्त विभागो की जन कल्याणकारी योजनाओ से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओ



का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियो को सम्बन्धित विभागो द्वारा राजसहायता पर निवेशों/ सामग्रियो का विवरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान 2 लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया। कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान एवंनप्रतिनिधियो इत्यादि उपस्थित रहें।

# महिला का अश्लील वीडियो किया वायरल

खटीमा। एक युवक ने महिला को प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक शोषण किया और उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। सितारगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 2019 में उसकी सोशल मीडिया पर खटीमा इस्लामनगर निवासी अनीस से जान पहचान हुई। इसके बाद अनीस ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और इसी दौरान उसने उसका अश्लील वीडियो बना दिया। बाद में उसने अपने पति को तलाक दे दिया और अनीस ने निकाह करने से मना कर दिया। इसके बाद अनीस ने फिर शारीरिक संबंध बनाने को कहा जिस पर उसने मना कर दिया। इसके बाद आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने इस्लामनगर वार्ड पांच निवासी अनीस अहमद उर्फ उज्जु के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। सीओ वीर सिंह का कहना है कि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



# तो क्या 'डेमोग्राफी चेंज' पर 'शिव' की चिंता 'दिखावटी' थी?

## संवेदनशील मसले को भूले क्षेत्रीय विधायक, निकाय चुनाव की मतदाता सूची में जोड़े जा रहे संदिग्ध मतदाताओं के नाम, डेमोग्राफी चेंज पर छाती पीटने वाले मोर्चे से लापता

-अर्श-

रूद्रपुर।नगर निगम रुद्रपुर के वार्ड क्रमांक 25 के अंतर्गत आने वाले फाजलपुर महरौला क्षेत्र में समुदाय विशेष के लोगों के आने और यहां जमीन लेकर घर बनाने, फिर वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराके उत्तराखंड के पहचान प्रपत्र हासिल कर लेने का सिलसिला, वैसे तो राज्य के निर्माण के समय से ही आहिस्ता-आहिस्ता जारी है, लेकिन पिछले एक- डेढ़ दशक में इस सिलसिले ने और भी रफ्तार पकड़ ली है। नतीजतन रुद्रपुर विधानसभा के इस भू-भाग में डेमोग्राफी चेंज की समस्या लगातार विकराल होती जा रही है। देखा गया है कि फाजलपुर महरौला क्षेत्र की मतदाता सूची में तीन से पांच प्रतिशत तक मतदाता लगभग हर वर्ष ही बढ़ जाते हैं। जबकि अन्य क्षेत्रों में



मतदाताओं की वृद्धि का प्रतिशत इतना नहीं होता। विडंबना यह है कि इस क्षेत्र विशेष में हर वर्ष बढ़ रही मतदाताओं की असाधारण संख्या का संज्ञान न तो आज तक शासन प्रशासन ने ही लिया और ना ही जनपद के निर्वाचन महकमे ने । हां ,रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने इस संवेदनशील विषय का संज्ञान समय रहते अवश्य लिया और इस मसले को विधानसभा में उठाकर इस पर सरकार का ध्यान भी आकृष्ट कराया। पर ऐसा लगता है जैसे डेमोग्राफी चेंज जैसे संवेदनशील मसले पर क्षेत्रीय विधायक द्वारा विधानसभा में जाहिर की गई चिंता एक रस्म अदायगी मात्र थी। वह इसलिए, क्योंकि क्षेत्रीय विधायक ने इस मसले को विधानसभा में एक बार उठाने के बाद यह देखने की कोशिश नहीं की, कि डेमोग्राफी चेंज की कोशिश को रोकने के लिए शासन- प्रशासन द्वारा धरातल पर कोई कारगर उपाय किए भी जा रहे हैं अथवा नहीं। बताना होगा कि उधम सिंह नगर जनपद में इन दिनों नगर निकाय चुनाव की वोटर लिस्ट तैयार करने का अभियान बड़े ही जोर शोर से चल रहा है। जिसके तहत सभी मतदान केंद्र पर नए वोट तो बनाए ही जा रहे हैं साथ ही बीएलओ अपनी टीम के साथ घर-घर पहुंचकर भी नए वोट बना रहे हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि मतदान केंद्र पर पहुंचने वाले नाम दर्ज करने के इच्छुक व्यक्ति से बीएलओ उसके बैकग्राउंड के बारे में कोई पूछताछ नहीं कर रहे हैं और ना ही किसी पहचान संबंधी दस्तावेज की मांग ही कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ बीएलओ के घर-घर भ्रमण के दौरान भी हो रहा है। घर-घर भ्रमण के दौरान जो जिस घर में मिल गया, उसका वहां नाम दर्ज किया जा रहा है। फिर वह किराएदार हो अथवा मकान मालिक ? उससे यह तक नहीं पूछा जाता कि कहीं उसका नाम दूसरे किसी वार्ड में अथवा नगर निगम क्षेत्र में दर्ज तो नहीं ? क्षेत्रीय विधायक ने जिस जोशो- खरोश से यह मुद्दा विधानसभा में उठाया था, उसके चलते उनसे और उनकी पार्टी से यह अपेक्षित था कि वे इस मसले पर अपनी पैनी नजर रखते तथा उचित समय पर अपेक्षित सक्रियता दिखाते तथा कम से कम निकाय चुनाव की वोटर लिस्ट तैयार होने के समय तो इसकी चौकस निगाहबानी की व्यवस्था करते। मगर आश्चर्य जनक तथ्य तो यह है कि बीजेपी के जिला स्तरीय पदाधिकारी और ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी की बात तो दूर, बूथ लेवल के कार्यकर्ता तक पोलिंग बूथ में झांक नहीं रहे हैं। लिहाजा यूं जान पड़ता है जैसे भाजपा ने कांग्रेस के लिए स्थानीय चुनाव में खुला मैदान छोड़ रखा रखा हो। जबकि भाजपा के उलट कांग्रेस के कार्यकर्ता गाहे बगाहे पोलिंग बूथ तक तो कम से कम पहुंच ही जाते है और बाकायदा बीएलओ पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप भी मढ़ देते हैं ।ऐसे में सवाल यह है कि क्या निकाय चुनाव को भाजपा अभी से जीता मानकर चल रही है या फिर डेमोग्राफी चेंज जैसा संवेदनशील मुद्दा उसके लिए, महज भावनाओं को भड़का कर वोट हासिल करने का एक जरिया मात्र है?

# शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान

गदरपुर (उद संवाददाता)। महतोष मोड गुरुद्वारा नानक दरबार गदरपुर में पत्रकार महेंद्र पाल सिंह के पुत्र युवा सामाजिक कार्यकर्ता करणपाल सिंह के 23 वें जन्मदिन के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शहीद भगत सिंह ब्लड बैंक रुद्रपुर के प्रभारी डॉक्टर इसरार अहमद के नेतृत्व में चिकित्सालय से पहुंची टीम ने रक्त एकत्र किया इसमें कुल 25 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इस मौके पर बोलते हुए डॉक्टर इसरार अहमद ने कहा कि युवा सामाजिक कार्यकर्ता करणपाल सिंह के जन्मदिन के मौके पर रक्तदान शिविर



का आयोजन किया था। यहां पर उनके दोस्तों और क्षेत्र के अनेक युवाओं ने रक्तदान किया । इस अवसर पर प्रशांत सक्सैना, सीमा रानी, दिनेश कुमार, रेड क्रॉस सोसाइटी गदरपुर के सचिव राकेश कंबोज, राजीव शर्मा, बलकार सिंह, कृपाल सिंह, अर्जुन पाल सिंह, शिवम, आनंद सिंह, अंकित कुमार, विनय कुमार, विनय वर्मा, सोहेल मंसूरी, अंश नागपाल, गुरमिंदर सिंह, नकुल मदान, प्रभजोत सिंह खेड़ा, समर, गौरव कंबोज, हरमन खैर इत्यादि मौजूद रहे।

# महाराष्ट्र में आल इंडिया ओपन वाटर प्रतियोगिता हुई आयोजित

सितारगंज(उद संवाददाता)। उत्तराखंड फिनस्वीमिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अनिलदीप महल ने सितारगंज अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि 17 दिसंबर को चिबला बीच, मालवन महाराष्ट्र में प्रथम अखिल भारतीय ओपन वॉटर फिनस्विमिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई । अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा भारत में पहली बार ओपन वॉटर प्रतियोगिता



का आयोजन किया गया। इस ओपन वॉटर प्रतियोगिता के संचालन में डॉ. तपन कुमार पाणिग्रही, अनिल दीप महल, रेहान सिद्दीकी, विजय कुमार और अचिंता कुमार पंडित ने अहम भूमिका निभाई। अनिलदीप ने बताया कि महासचिव (यूएसएफआई) डॉ. तपन कुमार पाणिग्रही ने कहा कि प्रतियोगिता आगे भी जारी रहेगी। आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में 105 प्रतिभागी रहे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिनकी अनिलदीप ने सराहना की।

# दर्दनाक हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत

पिथौरागढ़ । कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह करीब 10 बजे का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मृतक पिता-पुत्र कनालीछीना के सतगढ़ गांव जा रहे थे। जबकि तीसरा युवक धारचूला का बताया जा रहा है। घटना की सूचना पाकर



रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को खाई से बाहर निकाला। हादसे की खबर के बाद से पूरे क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है। मृतकों की पहचान हरीश कापड़ी (52) पुत्र स्व केदारदत्त कापड़ी, शुभम कापड़ी (29) पुत्र हरीश कापड़ी और रोहित बोनाल निवासी धारचूला के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में ले लिया है।

# झोला छाप डाक्टर पर उपचार में लापरवाही का आरोप

सितारगंज(उद संवाददाता)। खूनसरा निवासी व्यक्ति ने जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेज कर गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। खूनसरा निवासी रोहित सिंह द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे पत्र में कहा कि, 4 नवंबर को उनके भाई सोहन सिंह का अचानक स्वास्थ्य खराब होने लगा। इलाज के लिए गांव में ही स्थित एक झोला छाप डॉक्टर के पास लेकर गया। झोलाछाप डॉक्टर ने तत्काल कुछ दवाइयां खिलाई एवं इंजेक्शन लगा दिया। घर जाने के पश्चात सोहन सिंह की तबीयत और बिगड़ने लगी। तत्काल परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां से परिजन उसे लेकर बरेली के एक अन्य चिकित्सालय पर ले गए, जहां पर उसकी स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। 8 नवंबर को सोहन सिंह के परिजन उक्त झोलाछाप डॉक्टर के पास गए तो, झोला छाप डॉक्टर सोहन के परिजनों पर ही बिफर पड़े साथ ही, उनके साथ गाली गलौज करते हुए अभद्रता पर उतारू हो गए। परिजनों ने उक्त झोलाछाप डॉक्टरों पर गलत इलाज का आरोप लगाते हुए कहा कि गलत इलाज के कारण ही, सोहन सिंह जिंदगी एवं मौत से जूझ रहा है। रोहित सिंह ने जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ चिकित्साधिकारी से उक्त झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

# पति की मौत के आठ घंटे बाद सदमे में पत्नी भी चल बसी

रुद्रपुर। शहर की सुभाष कॉलोनी में पति की मौत का दुख पत्नी बर्दाश्त नहीं कर सकी। पति की मौत के आठ घंटे बाद पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों ने एक ही चिता पर दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। बुजुर्ग दंपती की मौत चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब नौ बजे सुभाष कॉलोनी निवासी खेमकरण पाल (80) का निधन हो गया था।



खेमकरण काफी समय से बीमार चल रहे थे। कॉलोनी में रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता ललित बिष्ट ने बताया कि खेमकरण की मौत से परिजन दुखी थे और अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटे थे। इसी बीच बुधवार सुबह करीब पांच बजे खेमकरण पाल की पत्नी कमला देवी (75) ने भी दम तोड़ दिया। पति की मृत्यु को कमला सहन नहीं कर सकी जिसके बाद दोनों की एक साथ घर से अर्थी उठी और श्मशान घाट पर एक ही चिता पर दोनों का दाह संस्कार कर दिया गया। बताया कि खेमकरण बीमार थे, जबकि कमला देवी स्वस्थ थीं।

# बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे दो क्लीनिक किए सील

गदरपुर/ दिनेशपुर। सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य और राजस्व विभाग की टीम ने बिना पंजीकरण चल रहे दो क्लीनिकों को सील कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से आसपास के क्षेत्र में संचालित दूसरे क्लीनिक संचालकों में खलबली मची रही। बुधवार को स्वास्थ्य और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ग्राम जाफरपुर पहुंची। टीम ने ओम क्लीनिक और कंचन क्लीनिक पर छापा मारकर दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। क्लीनिकों में मरीजों को देखने के लिए बेड आदि भी लगाए गए थे। लेकिन वहां कोई भी प्रशिक्षित स्टाफ नहीं मिला। दोनों क्लीनिक पर बड़ी मात्रा में अंग्रेजी और देशी दवाइयां रखी हुई थी। जिनके बारे में क्लीनिक संचालक




दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसके बाद टीम ने दोनों क्लीनिकों को सील कर दिया। सीएचसी के डॉ संजीव सरना ने बताया कि जांच रिपोर्ट को सीएमओ कार्यालय भेज दिया गया है। क्लीनिक संचालकों को नोटिस भी जारी किया जाएगा। टीम में नायब तहसीलदार रुद्रपुर सुरेंद्र सिंह, मोहम्मद रिजवान शामिल थे।



# किच्छा में कार और ट्रक की भिड़ंत में तीन घायल

किच्छा(उद संवाददाता)। लालपुर मुमताज गेट के पास एक ट्रक और कार की भिड़ंत में में कार सवार दो लोगों सहित ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये । सूचना पर वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद सिंह फर्त्याल, उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह नेगी चीता मोबाइल तथा चौकी लालपुर के कर्मचारी मय प्रभारी उप निरीक्षक एस के शर्मा के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचे तक स्थानीय लोगों द्वारा तीनों घायलो को प्राथमिक उपचार हेतु हॉस्पिटल भेजा मौके पर जाम की स्थिति बनी हुई थी। पुलिस द्वारा क्रेन की सहायता से दोनों एक्सीडेंटल वाहनों को घटनास्थल से हटाकर जाम खुलवाया गया। आसपास व मौजूद लोगों से पूछताछ से जानकारी मे आया कि महिन्द्रा टीयूवी कार संख्या यूके 08एएल1592 का चालक अपने साथी के साथ रुद्रपुर से किच्छा की ओर जा रहा था तथा ट्रक किच्छा से रुद्रपुर की ओर जा रहा था । कार चालक द्वारा अचानक कार पर नियंत्रण खो देने के कारण कर डिवाइडर को पार करते हुए दूसरी दिशा से आ रहे ट्रक सख्या एचआर38जेड 1851 से टकरा गयी। कार सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए और ट्रक का ड्राइवर भी घायल हो गया।कार को अजीत सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी वार्ड नंबर 14 भदईपुरा रुद्रपुर चला रहा था उसके साथ उसका दोस्त रविंदर पुत्र स्वर्गीय मथुरा प्रसाद उम्र 26 निवासी भईपुरा भी था। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक चालक कहां भर्ती कराया है इसका पता नही चल पाया है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बैंक खातों में सेंधमारी

संचार माध्यमों के बढ़ते उपयोग, हर काम में डिजिटल निर्भरता और इंटरनेट संबद्धता के बीच साइबर सेंधमारों की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी है। वे लोगों को ठगने के तरह-तरह के तरीके तलाशते रहते हैं। चूंकि आधुनिक बैंकिंग प्रणाली में ग्राहकों को आटोमेटिक टेलर मशीन और इंटरनेट सुविधा से जोड़ दिया जाता है, इसलिए ज्यादातर साइबर अपराधियों की नजर लोगों के बैंक खातों पर रहती है। वे झूठे संदेश और 'इंटरनेट लिंक' भेज कर लोगों को भरमाते हैं और जैसे ही उनके संदेश को खोला जाता है, सेंधमार उनके बैंक खाते तक अपनी पहुंच बना लेते हैं। ऐसे ठगी करने वाले न केवल भारत में, बल्कि दुनिया के किसी भी हिस्से में बैठ कर अपनी साजिशों को अंजाम देते रहते हैं। हमारे देश में इस तरह रोज हजारों लोग ठगी का शिकार होते हैं। यह बैंकों के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। इस समस्या से पार पाने के लिए अब संचार विभाग एक ऐसा पोर्टल शुरू करने जा रहा है, जो कृत्रिम मेधा के जरिए ऐसे धोखाधड़ी करने वालों पर नजर रखेगा और उनकी पहचान कर उन पर शिकंजा कसेगा। इस पोर्टल से निस्संदेह आम लोगों को ठगी से बचने में काफी मदद मिलेगी। हालांकि इंटरनेट के जरिए सेंधमारी की प्रवृत्ति पुरानी हो चुकी है। पहले ठगी करने वाले लोगों को मेल भेज कर उनके बैंक खातों तक पहुंचने का प्रयास करते थे। फिर मोबाइल संदेशों के जरिए ऐसा करने लगे। सीधा फोन करके भी लोगों को झांसा देने वाले बड़ी संख्या में सक्रिय हैं। वे भोले-भाले लोगों को फोन कर उनके बैंक का विवरण प्राप्त कर उनके खाते से पैसा निकाल भागते हैं। इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया, जिससे लोग धोखाधड़ी करने वालों के चंगुल में फंसने से बचने लगे। तब उन्होंने वाट्सएप के जरिए संदेश भेज कर लोगों को फंसाने की कोशिश शुरू की। अब तो सोशल मीडिया मंचों पर भी किसी न किसी तरह ऐसे सेंधमार घुस कर लोगों को भरमाने और ठगने का प्रयास करते देखे जाते हैं। वे ऐसे शातिर तरीके आजमाते हैं, जिससे न केवल भोले-भाले, बल्कि अच्छे पढ़े-लिखे लोग भी उनके झांसे में आ जाते हैं। कई कंपनियों के खातों में भी ये सेंधमारी कर चुके हैं। इस तरह ये दुनिया भर की सरकारों, बैंकिंग प्रणाली और डेटा संग्रह करने वाले तंत्रों के लिए चुनौती बनते गए हैं। भारत में चूंकि सतर्कता का स्तर अन्य देशों की अपेक्षा कम देखा जाता है, इसलिए यहां साइबर अपराधियों की सक्रियता भी अधिक है। ऐसे अपराधियों के नए-नए केंद्र बन रहे हैं। हालांकि कुछ बैंकों ने अपने सुरक्षा तंत्र में कृत्रिम मेधा के जरिए ठगी करने वालों पर नजर रखने की व्यवस्था कर रखी है, फिर भी ये शातिर अपराधी उनमें घुसपैठ का रास्ता तलाश ही लेते हैं। संचार विभाग इस सेंधमारी के विरुद्ध कितना मजबूत और व्यावहारिक कवच तैयार कर पाता है, देखने की बात है।

# टीएमयू में जुटेंगी रूस,चीन समेत 11 देशों की आईटी हस्तियां

मुरादाबाद(उद संवाददाता)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी-सीसीएसआईटी की ओर से 22 और 23 दिसंबर को सिस्टम मॉडलिंग एंड एडवांसमेंट इन रिसर्च ट्रेंड्स-स्मार्ट 2023 पर 12वीं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस होने जा रही है। सालाना यह कॉन्फ्रेंस टीएमयू के सीसीएसआईटी और आईईईई यूपी अनुभाग के साथ तकनीकी सह-प्रायोजन में संयुक्त रूप से ब्लेंडेड मोड में होगी। कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत समेत बांग्लादेश, रूस, यूनाइटेड स्टेट, हाँगकाँग, ऑस्ट्रेलिया, चीन, कनाडा, सऊदी अरब, उज्बेकिस्तान और इराक समेत कुल 11 देशों के आईटी विशेषज्ञ अपने-अपने विचार साझा करेंगे। कॉन्फ्रेंस के 15 तकनीकी सत्रों में 10 ट्रैक में देश-विदेश के शोधार्थियों की ओर से कुल 105 शोध पत्र पढे जाएंगे। भारत के तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, मणिपुर और कर्नाटक समेत कुल 12 राज्यों के प्रतिभागी अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कॉन्फ्रेंस में डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग, सूचना सुरक्षा एवं इंजीनियरिंग, उभरती तकनीकी, आईओटी और वायरलेस संचार, ब्लॉक चेन प्रौद्योगिकी, उद्योग 4.0, शिक्षा 4.0, सिस्टम मॉडलिंग और डिजाइन कार्यान्वयन उपकरण, सर्किट, सामग्री और प्रसंस्करण, पावर, ऊर्जा और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग और हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी जैसे विभिन्न विषयों पर दुनिया भर के आईटी विशेषज्ञ अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। उद्घाटन सत्र के दौरान टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और अटल बिहारी वाजपेयी-भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान (एबीवी-आईआईआईटीएम) ग्वालियर के निदेशक प्रो. एसएन सिंह समेत टीएमयू के ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, एजिक्यूटिव डाइरेक्टर श्री अक्षत जैन, वाइस चांसलर प्रो. रघुवीर सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष डॉ. शंभु भारद्वाज, सीसीएसआईटी के प्रॉक्टर प्रो. आरसी त्रिपाठी, सभी टेक्निकल चेयर्स, टेक्निकल को-चेयर्स, एचओडी, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर्स एवं प्रतिभागियों की गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। 22 दिसंबर को आईआईटी रूड़की के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. संजय कुमार घोष बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि एसएजीई यूनिवर्सिटी, भोपाल के संस्थापक कुलपति डॉ. वी के जैन, एचबीटीयू, कानपुर के डीन-अनुसंधान एवं विकास प्रो. रघुराज सिंह, मेटा, पिट्सबर्ग, यूनाइटेड स्टेट के एफएआईआर-फंडामेंटल एआई रिसर्च शोधकर्ता डॉ. उन्नत जैन बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शिरकत करेंगे। कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन एनआरएससी-इसरो, हैदराबाद के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि मेटा, पिट्सबर्ग, यूनाइटेड स्टेट के एफएआईआर-फंडामेंटल एआई शोध कर्ता डॉ. उन्नत जैन गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शिरकत करेंगे। कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर एवं एफओई एंड सीसीएसआईटी के निदेशक एवं प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी स्वागत भाषण एवं कॉन्फ्रेंस की थीम प्रस्तुत करेंगे, जबकि कॉन्फ्रेंस चेयर और सीसीएसआईटी के वाइस प्रिंसिपल प्रो. अशेन्द्र कुमार सक्सेना वोट ऑफ थैंक्स प्रस्तुत करेंगे। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन आईईईई यूपी अनुभाग के एडवाइजर एवं आईआईटी कानपुर के एमई विभाग के प्रो. जे रामकुमार और आईईईई यूपी अनुभाग के प्राधिकारी एवं बीटीके आईटी, द्वाराहाट उत्तराखंड के ईसीई विभाग के डॉ. वरुण केआर काकर, जबकि दूसरे दिन आईईईई यूपी अनुभाग के सेक्शन चेयर और आईआईआईटी इलाहाबाद के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के डॉ. सतीश कुमार सिंह और आईईईई यूपी अनुभाग के प्राधिकारी एवं बीटीके आईटी, द्वाराहाट उत्तराखंड के ईसीई विभाग के डॉ. वरुण केआर काकर ऑब्जर्वर्स के रूप में मौजूद रहेंगे। कॉन्फ्रेंस प्रोसीडिंग का विमोचन भी किया जाएगा। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

# मोबाईल और पासवर्ड नम्बर बदलकर फर्म से धोखाधड़ी


रूद्रपुर। एक फर्म में काम करने वाले कर्मचारी ने फर्म स्वामी के मोबाईल व पासवर्ड नम्बर को बदल कर धोखाधड़ी कर ली। कोर्ट के आदेश पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में वार्ड 2 ट्रांजिट कैम्प निवासी राजेश यादव पुत्र रामचन्द्र ने कहा है कि उसकी आरके ट्रेडर्स नाम से फर्म है। जहां सर्विस तथा आपूर्ति का काम होता है। फर्म में नोयडा गौतमबुद्धनगर निवासी प्रिंस बाला पुत्र खोखन बाल जीएसटी व अन्य काम देखता था। उसका आरोप है कि राज्य कर विभाग का उसे नोटिस प्राप्त हुआ जिसमें मई 22 से नवम्बर 212 तक राज्य के बाहर 11 बिक्री तथा फरवरी 22 से अक्टूबर 22 तक 49 खरीददारी करना बताया गया। जबकि उसके द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया था। राजेश का आरोप है कि प्रिंस ने उसके मोबाईल व पासवर्ड का नम्बर बदलकर उससे धोखाधड़ी की है।

# शिक्षिका के घर का ताला तोड़कर जेवर और नगदी उड़ा ले गए चोर

खटीमा।क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब विकास नगर कॉलोनी में चोरों ने दिन में एक शिक्षिका का घर ताला तोड़कर जेवर और नकदी ले गए। शिक्षिका की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। विकास नगर कालोनी निवासी शिक्षिका कल्पना चंद ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि सोमवार सुबह वह साढ़े सात बजे स्कूल गई थी। शाम पौने करीब चार बजे वह घर लौटी तो घर के मुख्य दरवाजे का कुंडा उखड़ा था और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के लॉक भी टूटे थे। बताया कि घर से एक हार, नथ, मांगटीका, कान के झुमके, एक चेन, एक चेन वाला मंगलसुत्र, दो अंगुठियां व 4000 रुपये गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# आँसू अगर सच्चे हैं तो भीतर आनंद ही आनंद है

अगर आँसू सच्चे हैं तो उनका संबंध उत्सव और आनंद से है, उनका संबंध जाते हुए दुःख से है। आँसूओं का अर्थ ये नहीं है कि तुम दुखी हो, आँसुओं का ये अर्थ भी हो सकता है कि तुम आनंदित हो। मुक्त अनुभव कर रहे हो, भीतर की जकड़ को छोड़ने के लिए। जैसे किसी ने कलेजा भींच रखा हो, और फिर जरा तुम तनाव मुक्त हो जाओ, जरा तुम



आश्वस्त और स्वतंत्र अनुभव करो। और जिस चीज ने भींच रखा है, उसको तुम छोड़ दो, या वो तुम्हें छोड़ दे। ऐसा है आँसुओं का निकलना। तनाव में शरीर भी कैसा अकड़ जाता है ? पाँव का अंगूठा यूँ मुड़ जायेगा, मुट्ठियाँ भिंच जाएँगी। और जब तनाव जाता है, एक सहज सुरक्षा की आश्वस्ति उठती है, तो वो सारी जकड़ खुल जाती है, जरा विश्राम मिल जाता है। अस्तित्वगत रूप से खूबसूरत बात है आँसुओं का बहना। तुम्हारी मनुष्यता का प्रतीक है, पशु नहीं रोते। लेकिन सांस्कृतिक रूप से रोना एक वर्जना है, अस्तित्व नहीं कहता कि मत रोओ। समाज कहता है, संस्कृति कहती है। कि मत रोओ। और फिर चूंकि वो कहती है मत रोओ, तो रोने के विपरीत जो उसको लगता है उसपर महत्व रखती है। समाज कहता है कि हर समय, तुम मुस्कुराते नजर आओ। और ये बात भारतीय भी नहीं है, तुम राम को, कृष्ण को मूर्तियों में भी मुस्कुराता नहीं पाओगे। ये बात बड़ी पाश्चात्य है। इन्होंने मुस्कान चिपका रखी होती है। क्योंकि ये डरे हैं, आर्तकित हैं, इन्हें रोने से बहुत डर लगता है। और वह रो भीतर रहे हैं। उस रूदन को, उस क्रंदन को, छुपाने के लिए वह मुस्कुराहट का चोला ओढ़ते हैं। उत्सव का मतलब ही होता है कि भीतर का गुबार हट जाए, साफ हो जाए। शरीर की मैल नहाते वक्त ही तो पता चलती है। जब नहाने जाते हैं तभी पता चलता है कुछ अच्छा है। उत्सव अपने लिए खाली जगह बनाना चाहता है। बहुत व्यापक होता है वो, साफ होता है। साफ और व्यापक, जैसे आसमान। बड़ा और साफ। तो वो अपने लिए जगह बनाना चाहता है। उसे किसी भी तरह का अतिक्रमण, पसंद नहीं होता। और भीतर खाली स्थान को पुरानी यादें, भावनायें, वो सब कुछ जो अभी पूरा नहीं हुआ है और पूरा होना चाहता है। भीतर बहुत कुछ होता है जो अधूरा होता है। जैसे उसमें अभी कुछ किया जाना बाकी हो, जैसे कि उसका चक्र अभी अधूरा सा हो। वही सब भीतर ऐसे पकड़ के बैठा रहता है। फिर यकायक, संयोगवश, या अनुग्रहवश, जीवन में उत्सव के पल आ जाते हैं। अब उत्सव आ गया है जैसे घर में दावत दी हो, उत्सव हो, और नाचते गाते हँसते खेलते कूदते, मेहमान आ गए हों। और भीतर क्या पड़ा हुआ है? पुराना कचरा। और ये मेहमान अब किस मन में है? किस रौ में है? कि हमें तो मस्ती करनी है, और साफ मस्ती। बेहोशी वाली नहीं। अब ये आ ही गए कि यहीं हमें तो अब दावत करनी है, और यहाँ कचरा पड़ा है। तो तुरंत उस कचरे को निकाल बाहर करेंगे। भीतर के अंधेरे से आजादी मिलती है उत्सव के क्षणों में। इसीलिए आदमी दो मौकों पर अश्रुपूरित हो जाता है। दोनों ही मौकों पर आँखें डबडबा जाती हैं। तुम्हारे जीवन में दुःख आएगा, तुम रो पड़ोगे। तुम्हारे जीवन से दुःख जाएगा, तो भी तुम रो पड़ोगे। सामान्य भाषा में इस दूसरे रोने को हम कह देते हैं ? खुशी के आँसू। वो वास्तव में खुशी के आँसू नहीं होते। वो होते दुःख के ही हैं। पर वो जाते हुए दुःख के आँसू होते हैं। वो दुःख से मुक्ति के आँसू होते हैं। गाड़ी आती है तो भी दिखती है, और गाड़ी वापस लौटती है तो भी दिखती है। रोना इसीलिए, जानने वालों ने बड़े स्वास्थ्य की बात कही है। वो कहते हैं कि रोना भली बात है, खूब रोया करो, रोने से आँखें साफ होती हैं, और मन भी। अच्छी बात है रोना। छोटी छोटी बात पर रो लिया करो। और रोने का पीड़ा से कोई संबंध हो ये जरूरी नहीं। कोई कहानी सुनी आँखें छलछला गयी, ठीक है, फिल्म देख रहे हो, फिल्म देखते देखते चार बूंदें लुढ़क गयीं, कोई बुराई थोड़े ही है। ये कमजोरी का लक्षण नहीं है। और न ही ये किसी मानसिक बीमारी का लक्षण है। यूँ ही बैठे बैठे भी अगर आँखें गीली हो जाएँ तो इसमें कोई हानि नहीं है, ये स्वास्थ्य की बात है। हँसी से ज्यादा गहराई होती है, आँसुओं में। लेकिन मालूम है, हम अकसर रोते वक्त सुन्दर नहीं लगते, जबकि आँसू बहुत सुन्दर होते हैं, आँसुओं में तो कितनी सुंदरता है, आँसुओं पर देखो कितनी कवितायें लिखी गयी हैं। कोई कहता है आँखों से मोती झरे, कोई कहता है ओस की बूँदें हैं। लेकिन फिर भी हम जब रोते हैं, हम सुन्दर नहीं लगते, आमतौर पर ! क्योंकि हम आँसुओं के विरोध में खड़े हो जाते हैं। हम अपने आप को रोने देते नहीं। तो हमारे चेहरे पर गृहयुद्ध शुरू हो जाता है। आँसू निकलना चाहते हैं और हम आँसुओं को ले कर के शर्मसार रहते हैं कि मैं रो क्यों दिया ! और उन्हें हम बाधित करने की, अवरुद्ध करने की कोशिश में लग जाते हैं; अब चेहरा कैसा हो जाता है? कि आँसू तो निकल रहे हैं, पर तुम कोशिश कर रहे हो कि ना निकलें। नहीं मैं थोड़े ही रो रहा हूँ ! मस्त हो के रोओ, चेहरा भी फिर आँसुओं जैसा ही सुन्दर दिखेगा। हमने मन में ये गलत समीकरण बैठा लिया है कि आँसू का संबंध दुःख से है, अगर आँसू सच्चे हैं तो उनका संबंध उत्सव और आनंद से है, उनका संबंध जाते हुए दुःख से है। आँसुओं का ये अर्थ नहीं है कि तुम दुखी हो, आँसुओं का ये अर्थ भी हो सकता है कि तुम आनंदित हो। मुक्त अनुभव कर रहे हो, भीतर की जकड़ को छोड़ने के लिए। जैसे किसी ने कलेजा भींच रखा हो, और फिर जरा तुम तनाव मुक्त हो जाओ, जरा तुम आश्वस्त और स्वतंत्र अनुभव करो। और जिस चीज ने भींच रखा है, उसको तुम छोड़ दो, या वो तुम्हें छोड़ दे। ऐसा है आँसुओं का निकलना। तनाव में शरीर भी कैसा अकड़ जाता है ? पाँव का अंगूठा यूँ मुड़ जायेगा, मुट्ठियाँ भिंच जाएँगी। और जब तनाव जाता है, एक सहज सुरक्षा की आश्वस्ति उठती है, तो वो सारी जकड़ खुल जाती है, जरा विश्राम मिल जाता है। अस्तित्वगत रूप से खूबसूरत बात है आँसुओं का बहना। तुम्हारी मनुष्यता का प्रतीक है, पशु नहीं रोते। लेकिन सांस्कृतिक रूप से रोना एक वर्जना है, अस्तित्व नहीं कहता कि मत रोओ। समाज कहता है, संस्कृति कहती है। कि मत रोओ। और फिर चूंकि वो कहती है मत रोओ, तो रोने के विपरीत जो उसको लगता है उसपर महत्व रखती है। समाज कहता है कि हर समय, तुम मुस्कुराते नजर आओ। और ये बात भारतीय भी नहीं है, तुम राम को, कृष्ण को मूर्तियों में भी मुस्कुराता नहीं पाओगे। ये बात बड़ी पाश्चात्य है। इन्होंने मुस्कान चिपका रखी होती है। क्योंकि ये डरे हैं, आर्तकित हैं, इन्हें रोने से बहुत डर लगता है। और वह रो भीतर रहे हैं। उस रूदन को, उस क्रंदन को, छुपाने के लिए वह मुस्कुराहट का चोला ओढ़ते हैं। जो आदमी जितनी मुस्कुराहट पहने घूम रहा हो, जान लेना कि भीतर उसके घोर व्यथा है। अगर आप सहज हो, तो ना आपको उत्तेजना में हँसने की जरूरत है, ना ही उत्तेजना में रोने की जरूरत है। फिर आपका हास्य भी, सहज, सुमधुर, सरल, सूक्ष्म होगा, और आपके आँसू भी उतने ही सहज होंगे। कभी हँस दिए, कभी रो दिए। कौन सी बड़ी बात है? आप आवश्यक नहीं समझोगे, कोई एक भाव अपने चेहरे पर ढोना। आप ये नहीं कहोगे कि मेरी जितनी भी तसवीरें आयें, वो सब? हँसती हुई आयें। हँसती हुई आ गयी तो ठीक, हँसती हुई नहीं आई, तो भी ठीक। और रोती हुई आ गयी तो भी बराबर ही ठीक। हम अपने ही आँसू देख कर के घबरा जाते हैं, और हम दूसरों के आँसू देख कर के भी घबरा जाते हैं। कोई रो रहा होगा तो या तो उसे कोशिश करेंगे चुप कराने की ! कोई हँस रहा हो तो उसे चुप कराते हो? कोई रोता हो, तो लग जाएँगे, कोई उसको रुमाल दे रहा है, कोई उसको ढांढस बंधा रहा है, कोई छाती से लगा रहा है, कोई जबरदस्ती उसकी पीठ ठोक रहा है, कोई पानी ले के खड़ा हो गया है। उसको लग रहा है, क्या आपदा आ गयी है, क्या हो गया? किसी ने एक सौ एक डायल कर दिया। एम्बुलेंस खड़ी हो गयी है। फायर ब्रिगेड, पुलिस, एम्बुलेंस, सब बुला लो। कोई रो रहा है। नतीजा ये है कि बहुत लोग, बहुत शुष्क, बहुत पाषाण, बहुत रेतीले हो गए हैं। उनसे रोया ही नहीं जाता। और उनको रोने की बहुत सख्त जरुरत है। देखे हैं ना ऐसे लोग? ये तथ्य तो हटा दो कि वो रोएँगे, ये कल्पना करना भी मुश्किल है कि वो रोते हुए कैसे लगेंगे? उनसे रोया जाएगा ही नहीं। वो मुर्दा हो गए, वो रेत और पत्थर हो गए। रेत भी रात में जरा नम हो जाती है। जब ओस पड़ती है। वो कभी भी नम नहीं होते। ऐसे लोग मर गए। तुम यदि रो नहीं सकते, तो तुम जीवित भी नहीं हो। तुम्हारी आँखें अगर कभी भीगती नहीं तो अब आँखें नहीं हैं ये। "रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून"। उन्होंने, वो बात नहीं कही थी पर फिर भी उनकी बात गौर तलब है। "पानी गए ना उबरे, मोती मानस चून"। जीवन में पानी का होना बहुत जरूरी है। कबीर कहते हैं, आठ पहर भीजा रहे, प्रेम कहावे सोय। जरा नमी, जरा गीलापन, थोड़ी आद्रता। वो नहीं है तो कौन सी आध्यात्मिकता, कौन सा प्रेम, कौन सा सत्य? भीजा होना बहुत जरूरी है। ये भीजापन, ये भीगापन जीवन की निशानी है। जीवित शाख होती है, जरा गीली, जरा लचीली; और मुर्दा शाख अकड़ी हुई होती है। जिन्होंने कभी भी जीवन में दुःख के आँसू रोये हों, उनके लिए बहुत आवश्यक है कि वो आनंद के आँसू रोना सीखें। क्योंकि अगर आप कभी दुःख के आँसू रोए हैं, तो दुःख आपके भीतर कहीं ना कहीं बैठ तो गया ही है। अब उसकी वापसी, रवानगी, करवानी जरूरी है। और जब रवानगी होगी तो आँसू पुनः आएँगे। तो एक बार अगर आँसू आए, तो चक्र आधा चला। जब दूसरी बार आँसू आएँगे तो चक्र पूरा हो जाएगा। जो कभी भी रोये हों जीवन में एक बार, वो दोबारा रोएँ। पहली बार रोए थे कि दुःख आया, और अब रोए ? कि दुःख गया। जो कभी न रोए हों, उन्हें कोई आवश्यकता नहीं रोने की। पर ऐसा तो कोई है नहीं। कभी न कभी तो रोए हो। विषम को सम करो। अगर ऐसा नहीं है, तो बहुत शुभ है। आँसुओं को इतनी सहजता से बहने दो, कि उनके झरने का एहसास भी न हो। ये कोई बड़ी बात है ही नहीं कि आज मैं रोया। तुम कहते हो क्या कि आज साँस ली, आज खाना खाया? तो वैसे ही, सहजता से, जैसे कोई झरना बहता हो पहाड़ में, आँसुओं को भी बहने दो, कोई बड़ी बात नहीं। अगर तुम आँसुओं को अपनी स्मृति में अंकित करोगे, तो याद रखना कि तुम उन्हें अवरुद्ध भी कर रहे हो। हम साक्षी नहीं होते, साझी हो जाते हैं। साक्षी होने में, और साझे होने में अंतर जानते हैं, देखा भर नहीं कि आँसू बह गए, उसके साथ कुछ करने लग गए। छेड़खानी, उपद्रव। इसे रोक दो, इसे कोई नाम दे दो। इसकी कोई व्याख्या कर दो। कुछ भी। कोई और आ के कहे, तुम रो रहे हो क्या? तुम कहो, हम रो थोड़े ही रहे हैं। तो पता भी नहीं चला। तब ये निर्जरा के आँसू हैं। तब ये मुक्ति के आँसू हैं। तब ये सफाई के आँसू हैं। हमारी स्थिति बड़ी विचित्र हो जाती है ना, रोते वक्त। खासतौर पर अगर सामाजिक परिपेक्ष है, लोग देख रहे हैं। हमें लगता है कि जरूर दोषी हैं, या पापी हैं, या कोई कमी है हम में। तभी तो हम रो रहे हैं, दूसरे नहीं रो रहे। दूसरे श्रेष्ठ होंगे।

-आचार्य प्रशांत
वेदान्त मर्मज्ञ, लेखक, विचारक

# आरआईटी के छात्रों के बीच जमकर हुई मारपीट, बेल्ट और पत्थरों से हुआ प्रहार





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर रोड स्थित कालेज के छात्रों के बीच आज जमकर मारपीट हो गई। छात्रों ने एक-दूसरे पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिये। जानकारी के अनुसार काशीपुर रोड स्थित रूद्रपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी में पढ़ने वाले छात्रों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कालेज के अन्दर हुई कहासुनी सड़क पर आते ही मारपीट में बदल गई। बात इतनी बढ़ कई कि छात्रों ने एक-दूसरे पर बेल्ट और पत्थरों से वार करना शुरू कर दिया। मामला बढ़ता देख वहां से गुजर रहे राहगीर एकत्र हो गये और उन्होंने बमुश्किल छात्रों को एक दूसरे से अलग कराया। इस दौरान कुछ राहगीरों ने घटना को अपने मोबाईल में कैद कर इसे सोशल मीडिया पर डाल दियां छात्रों के बीच हुई मारपीट का वीडियों चर्चा का विषय बना हुआ है। कालेज के आस-पास रहने वाले लोगों का कहना है कि छात्रों के बीच आये दिन किसी न किसी बात को लेकर कहासुनी होती रहती है। इससे पूर्व भी छात्रों के बीच मारपीट हो चुकी है। मगर कालेज प्रशासन इस ओर कोई भी कार्य करने को तैयार नही है। यदि कालेज प्रबन्धन छात्रों को चिन्हित कर अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाये तो शायद ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके। मगर कालेज प्रशासन इस ओर कोई कदम उठाने को तेयार नही दिखाता।

# एक घंटे के भीतर पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। पान के खोखे से हजारों की नगदी चोरी का पुलिस ने महज एक घंट में ही खुलासा करते हुए चोरी को अंजाम देने वाले नाबालिग को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने चुराई गई नगदी भी बरामद कर ली है। जानकारी के मुताबिक सुभाष चौक मेन बाजार के पास भरत कुमार की पान की दुकान है। आज सुबह भरत कुमार दुकान में ग्राहक से बात कर रहे थे तभी दुकान में रखा बैग किसी ने चोरी कर लिया। बैग में करीब 10 हजार की नगदी थी। दुकान स्वामी ने व्यापार मण्डल पदाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जिस पर व्यापार मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल समेत कई व्यापारी मौके पर पहुंच पहुंच गये। सूचना पर हेडकांस्टेबल केशर सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आस पास के सीसी टीवी कैमरे खंगाले तो एक नाबालिग युवक बैग ले जाता हुआ सीसी टीवी फुटेज में नजर आया। पुलिस ने नाबालिग को उसके घर से हिरासत में ले लिया। उसकी निशानदेही पर बैग और नगदी भी बरामद कर ली गयी। पकड़े गये नाबालिग ने चोरी की घटना कबूल की है। साथ ही उसने पूर्व में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है।



# वैश्विक सम्मेलन ने शैक्षिक सफलता के लिए दूरदर्शी रणनीतियों का अनावरण

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रिंसिपल्स प्रोग्रेसिव स्कूल एसोसिएशन के तत्वावधान में शिक्षकों और प्रधनाचार्यों का दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन द पेस्टल वीड स्कूल में शुरू हुआ। दून घाटी और 18 राज्यों के प्रमुख शिक्षकों, शिक्षकों और प्रधानाचार्यों ने 'शिक्षा में सफलता के लिए रणनीतियों को डिजाइन करना' विषय पर केंद्रित एक परिवर्तनकारी कार्यक्रम के लिए भाग लिया। इस सम्मेलन की शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा इस तरह के एक अभिनव थीम वाले सम्मेलन के संचालन के लिए भेजे गए एक सराहनीय संदेश को पढ़ने के साथ की गई थी। उन्होंने सम्मेलन की शानदार सफलता के लिए पीपीएसए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कश्यप को अपनी शुभकामनाएं भेजीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूकॉस्ट उत्तराखंड के महानिदेशक डॉ दुर्गेश पंत थे, उनके साथ उनकी पत्नी ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय देहरादून की प्रोफेसर और निदेशक, आइडिया इनोवेशन एंड एनवायरनमेंट डॉ रीमा पंत भी थीं। उन्होंने कहा कि विचारों पर विचार-विमर्श के लिए इस तरह के अभूतपूर्व सम्मेलन शैक्षिक नेताओं को अभिनव विचारों का आदान-प्रदान करने, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और रणनीतियों को डिजाइन करने पर सहयोग करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करने के लिए समय की आवश्यकता है जो विश्व स्तर पर शिक्षा के भविष्य को आकार देगा क्योंकि शिक्षा अब शिक्षक केंद्रित नहीं है और पारंपरिक तरीकों के साथ प्रौद्योगिकी का मिश्रण बन गई है। विशिष्ट अतिथि डॉ. राकेश कुमार शाह, आईएफएस, पूर्व प्रधानाचार्य, मुख्य वन संरक्षक, उत्तराखंड थे। इस अवसर पर आईआईटी नई दिल्ली के प्रबंधन अध्ययन विभाग के प्रोफेसर (डॉ.) हरीश चौधरी, अकादमिक सीबीएसई के पूर्व निदेशक जी. बालासुब्रमण्यम, आरएस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. वंदना सिंह, लर्निंग फॉरवर्ड इंडिया के अध्यक्ष आरपी देवगन, त्रिभाषी अकादमी, सिंगापुर की निदेशक श्रीमती अन्या कश्यप, आध्यात्मिक नेता और सह-संस्थापक सुश्री साध्वी प्रज्ञा भारती उपस्थित थीं। संभव इंटरनेशनल फाउंडेशन। संसाधन व्यक्तियों, अपने संबंधित डोमेन में प्रतिष्ठित शिक्षकों ने छात्र जुड़ाव और समझ को बढ़ाने के लिए नवीन शिक्षण विधियों, प्रौद्योगिकी, अनुभवात्मक शिक्षा और विविध शैक्षणिक दृष्टिकोणों को शामिल करने के लिए भाग लेने वालों का मार्गदर्शन किया। डॉ. हरीश चौधरी ने 'अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लीनिंग' विषय के साथ पहला सत्र शुरू किया, उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर जोर दिया और कहा कि एनईपी क्रिटिकल थिंकिंग और क्रिएटिव थिंकिंग पर जोर देता है, लेकिन मशीनें ऐसी सोच नहीं कर सकती हैं, इसलिए हमें संतुलन बनाने की आवश्यकता है। दूसरे सत्र को जी बालासुब्रमण्यन ने संबोधित किया। 'अनुभवात्मक शिक्षा' विषय के लिए कुछ भी सीखने और अनुभव करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जहाज का उदाहरण दिया और कहा कि 'बंदरगाह में एक जहाज सुरक्षित है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है'। उन्होंने कहा कि जीवन प्रयोग करने और अनुभव करने के बारे में है। हम मां के आलिंगन से अनुभव करने लगते हैं। भाषा सीखना अनुभवात्मक इनपुट के माध्यम से भी होता है। अनुभवात्मक सीखने की क्षमता और रचनात्मकता की ओर जाता है और यह एक पूर्ण शिक्षार्थी बनाता है। तीसरे सत्र को डॉ. वंदना सिंह ने संबोधित किया, सत्र का विषय भावनात्मक सशक्तिकरण था। ष्ब्रह्मांड का केंद्रष डॉ. सिंह ने उपनिषद से ष्अहम ब्रह्मास्मिष की पंक्ति लेकर सत्र शुरू किया, जिसका अर्थ है कि मैं ब्रह्मांड हूं और ब्रह्मांड मैं हूं, उन्होंने आत्म-प्रेम पर जोर दिया जो खुद को खोजने की ओर ले जाता है और जो सभी ज्ञान की शुरुआत है। चौथे सत्र को श्री आर पी देवगन ने संबोधित किया। सत्र का विषय 'कक्षा शिक्षाशास्त्र में सहानुभूति और भावनात्मक बुद्धिमत्ता कैसे परिलक्षित हो सकती है' था। श्री देवगन ने कहा कि बच्चों को देखभाल और साझा करने के बारे में सीखना चाहिए और अच्छा इंसान बनना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि हर बच्चे की समस्या के पीछे एक वयस्क होता है इसलिए हमें विचार करने की आवश्यकता है। चिंतनशील सोच हमारे छात्रों के लिए अच्छा रोल मॉडल बनने के लिए समय की आवश्यकता है। पांचवें सत्र को ट्राइलीनगुवल अकैडमी, सिंगापुर की निदेशक श्रीमती आन्या कश्यप ने संबोधित किया। सत्र का विषय प्रगतिशील शिक्षा: अकादमिक उत्कृष्टता और छात्रों की भलाई के लिए किनेस्थेटिक शिक्षा की शक्ति को उजागर करना था। उन्होंने कक्षा में छात्रों के शारीरिक आंदोलन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खेल के माध्यम से भी सीख सकते हैं। उन्होंने भाग लेने वाले शिक्षकों को शामिल करने के लिए हैंडआउट वितरित किए और देखी गई ऊर्जा असीम थी। छठे सत्र को साध्वी प्रज्ञा भारती ने संबोधित किया। सत्र का विषय ष्एवरीडे लेयरशिपष था, जिसमें उन्होंने खुश छात्रों को बनाने के लिए शिक्षकों को खुश रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। आज के चुनौतीपूर्ण समय में जब खुशी को भौतिकवाद के बराबर माना जाता है, छात्र अंततः भौतिकवादी चीजों से घिरे दिन के अंत में खुद को अकेला महसूस कर रहे हैं। हमें अपनी युवा पीढ़ी के प्रति सहानुभूतिपूर्ण और दयालु दृष्टिकोण रखने की आवश्यकता है। पहला दिन भाग लेने वाले शिक्षकों के साथ समाप्त हुआ, जो अपने रोजमर्रा के शिक्षण में शामिल करने के लिए कई नए, अभिनव दृष्टिकोण, रणनीतियों और सबसे ऊपर विचारा ेत्तेजक विचारों को अपने साथ ले गए।





## पेज एक का शेष...

**कांग्रेस को बूथ स्तर पर ..**भुलाकर एकजुट हो और चुनावी तैयारी में जुट जाये। उन्होंने कहा कि आज भाजपा से जनता त्रस्त हो चुकी है। आज जनता दहशत में है। भाजपा के राज में देश का विकास अवरूद्ध हो चुका है। प्रदेश और केन्द्र की सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। संसद मे सांसदों को बोलने नही दिया जा रहा है। हर तरीके से जनता की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। सम्मेलन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का पाठ पढ़ाया गया। नेताओं ने कहा कि बिना एकजुट हुए किसी भी लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। इसलिए सभी कार्यकर्ता जी जान से जुट जायें और कांग्रेस को मजबूत बनायें। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सुझाव भी रखे। पार्टी के नेताओं ने सुझावों पर गंभीरता से मंथन करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा,नेता प्रतिपक्ष यक्षपाल आर्य, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कॉपड़ी,विधायक आदेश चौहान,विधायक सुमित हृदयेश,पूर्व विधायक गोविन्द सिंह कुंजवाल,सुमित्तर भुल्लर आदि कांग्रेस नेताओं ने कार्यक्रम स्थल पर ध्वाजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ किया। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं द्वारा सभी आमंत्रित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। सम्मेलन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा ,महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, हरीश पनेरु, मीना शर्मा ,प्रकाश जोशी ,अनिल शर्मा ,अरुण शुक्ला किन्नू, संदीप चीमा, मोहन खेड़ा, गोपाल भसीन, पुष्कर राज जैन, सुरेश गौरी ,प्रकाश चंद ,हरीश जोशी, अमित मिश्रा , अली राजा, इंद्रजीत सिंह ,राजेंद्र मिश्रा, बाबू अहमद, इशरत अली ,दिलशाद सलमानी ,बाबू खान ,निशांत शाही, हरेंद्र लाडी, मोनू निषाद, योगेश चौहान ,पवन वर्मा ,परिमल राय ,महेंद्र पाल ,वरुण कपूर, संजीव झाम, गोविंद कुंजवाल, अलका पाल ,मीमांसा आर्य ,गणेश उपाध्याय, प्रेमानंद महाजन ,ममता पाल ,गोपाल राणा ,दिलीप अधिकारी, नारायण बिष्ट ,अरविंद मामू, फरीद अहमद मंसूरी ,दिनेश पंत, राकेश गुप्ता, सतीश राजपूत ,सुनील आर्य, शीला कक्कड़ ,इदरीश गोला, गुरजीत सिंह गिरते, नंदलाल यादव, वाजिद अली, जितेंद्र सिंह, धर्मवीर ,तनवीर खान, महिपाल यादव ,हरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, विपिन खोलिया ,सरताज अहमद, राम नगीना प्रसाद ,शाकिर अली, हरेंद्र पाल,रमेश तिवारी गुड्डू, दर्शन कोली ,भूपेंद्र चौधरी ,गुलशन सिंधी, सुनीता कश्यप ,संतोष ठाकुर, ओमप्रकाश दुआ ,जगरूप सिंह गोल्डी ,अशोक मिश्रा ,छोटू कोली, नितिन शर्मा, नाजिम मलिक, चेतन शर्मा हरपिंदर सिंह पप्पू सिमरनजीत कौर समेत जनपद भर के हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

**बाईक की टक्कर से ..**कर अपनी साथी महिला श्रमिक धर्मवती के साथ पैदल घर को वापस आ रही थी। जब वह सड़क पार कर रही थी तभी तेज गति से जाते अज्ञात बाईक सवार ने उसे जोर से टक्कर मार दी। जिससे जमुनी देवी सिर के बल सड़क पर आ गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी चिकित्सालय आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका का 20 वर्षीय पुत्र अभिषेक, 16 वर्षीय सचिन, 11 वर्षीय आशीष, 10 वर्षीय सचिन तथा 17 वर्षीय पुत्री प्रियंका है। जिनकी परवरिश के लिए माता पिता का साया नहीं रहा है।

**खेलों के विकास के...**सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूपसे प्रयास किये जा रहे हैं। खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में भी आरक्षण दिया जा रहा है। सरकार उत्तराखण्ड को खेल प्रदेश बनाने की दिशा में काम कर रही हैं इसी के तहत प्रदेश भर में खेल महाकुंभ आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होने कहा कि सरकार खेलों के विकास में कोई कमी नहीं आने देगी। इस अवसर पर निर्वतमान मेयर रामपाल, डीके सिंह, डा. नागेन्द्र शर्मा, सीएमओ मनोज शर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र सिंह रावत,जिला क्रीडा अधिकारी गिरीश कुमार सहित जनपद अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, चम्पावत, देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, पौड़ी, पिथौरागढ़, रूद्रप्रयाग, टिहरी,उत्तरकाशी एवं उधमसिंहनगर के सैकड़ो खिलाड़ी,प्रशिक्षक सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

**सड़क हादसे में ...**ममेरे भाई ओम विहार कॉलोनी निवासी अमन कुमार पुत्र महेश कुमार के साथ अपाचे मोटरसाइकिल संख्या अज्ञात पर सवार होकर कुंडेश्वरी से वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान मार्ग में कुंडेश्वरी रोड पर अपना घर के समीप घटित गंभीर सड़क हादसे में मोटरसाइकिल पर पीछे सवार आशीष कुमार गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। 108 एंबुलेंस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल बालक को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक यह साफ नहीं हो सका है कि एक्सीडेंट किसी वहां से हुआ था अथवा तेज रफ्तार मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ने के कारण मृतक की बाइक से गिरकर मौत हुई। फिलहाल मृतक तीन भाई व तीन बहनों में तीसरे नंबर का था। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक की लहर है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम देवेंद्र कुमार से बदलकर देवेंद्र कुमार गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे देवेंद्र कुमार गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाए।

देवेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री शंकर लाल, निवासी- 08, गऊ खाना कदीम, निकट जैन मंदिर, फूटा महल, रामपुर, उत्तर प्रदेश

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने हाईस्कूल परीक्षा-2023 उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद से उत्तीर्ण की थी, जिसका अनुक्रमांक 23117832 है। दिनांक 18.12.2023 को मेरी उक्त हाईस्कूल परीक्षा की अंकतालिका फुलसुंगा रूद्रपुर में कही गुम हो गयी है। काफी खोजबीन के बाद भी उक्त अंकतालिका मुझे नहीं मिल पायी। उक्त अंकतालिका का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रयोग अवैध माना जाएगा।

**प्रियंका यादव पुत्री श्री राकेश यादव**
निवासी-विकास नगर कालोनी, फुलसुंगा, तहसील-रूद्रपुर,जिला उधम सिंह नगर



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

